**प्रेस नोट**

**दिनांक 26.06.2025**

**अपर जिलाधिकारी हमीरपुर व अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत थाना मौदहा में की गई मीटिंग।**

आज दिनांक 26.06.2025 को अपर जिलाधिकारी हमीरपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा आगामी पर्व मोहर्रम के दृष्टिगत थाना मौदहा में मीटिंग आयोजित की गई। बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मोहर्रम के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अराजक तत्वों पर विशेष निगरानी रखने, संवेदनशील स्थानों पर सतर्कता के साथ पुलिस बल की ड्यूटी सुनिश्चित करने तथा अल्पसंख्यक समुदाय के साथ निरंतर संवाद बनाए रखते हुए आपसी सौहार्द और शांति का वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त क्षेत्र की साफ-सफाई, विद्युत प्रकाश व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था की समीक्षा कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी मौदहा, प्रभारी निरीक्षक थाना मौदहा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।